सेक्रेड हार्ट स्कूल कोटा ने जीता आईटी विज

इंदौर, 29 अगस्त. टीसीएस द्वारा आयोजित इंटर-स्कूल क्विज़ टीसीएस आईटी विज़ इंदौर के विभिन्न स्कूलों से आये प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रदर्शन का साक्षी बना. मंगलवार को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कैम्पस में यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित टीसीएस आईटी विज़ में विभिन्न स्कूलों के करीब 1350 विद्यार्थियों ने भाग लियाय इस प्रतिष्ठित क्विज़ में भाग लेने के लिए भोपाल, कोटा, वाराणसी के स्कूलों से भी कई विद्यार्थी इंदौर आये थे. इसमें सेक्रेड हार्ट स्कूल, कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल विजेता रहे तथा. सेंट पॉल, इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे.

सेंट पॉल, इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे

टीसीएस आईटी विज़ कक्षा 8-12 में पढ़ने वाले सभी हाई स्कूल विद्यार्थियों के लिए खुला था. प्रत्येक संस्थान इसके लिए अपनी ओर से 2 सदस्यों वाली अधिकतम 8 टीमें भेज सकता था. इसमें भाग लेने के लिए किसी प्रकार का प्रवेश शुल्क नहीं था. कार्यक्रम के अतिथि टीसीएस के वाइस प्रेजिडेंट तथा ग्लोबल हेड- कॉग्निटिव बिज़नेस ऑपरेशंस, अशोक पाई ने विजेताओं को पुरस्कृत किया. क्विज का संचालन प्रख्यात

क्विज मास्टर गिरी 'पिक्ब्रेन' बालासुब्रह्मण्यम ने किया. क्विज़ के अंतर्गत इस वर्ष चार मुख्य क्षेत्रों को केंद्र में रखा गया था, जिनमें ऑटोमेटेशन, कॉन्टेक्स्चयुअल नॉलेज, मशीन तथा कुशलता परीक्षण शामिल थे. इसके साथ ही टीसीएस पर आधारित एक एक्सक्लूसिव राउंड भी क्विज़ में शामिल था. इस क्विज़ का मंच उन टेक्नोलॉजिकल ट्रेंडस पर दृष्टि रखता है जो पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं. क्विज़ के प्रारंभिक लिखित दौर में सफल होने वाली टॉप छह टीमों ने रीजनल फ़ाइनल के लिए क्वालीफाई किया था. रीजनल फाइनल्स में क्विज के पांच राउंड्स पूरे करने के बाद सेक्रेड हार्ट स्कूल, कोटा के अनिमेष हर्ष और श्रेष्ठ पॉल विजेता रहे तथा सेंट पॉल, इंदौर के कार्तिक तिवारी और रुद्राक्ष त्रिपाठी रनर अप रहे. विजेताओं को गिफ्ट वांउचर्स और विशेष रूप से डिजाइन की गई ट्रॉफीज और मैडल्स भी प्रदान किये गए.